इंजीनियर बनना चाहते हैं श्रीनगर के शुभम

श्रीनगर। शुभम देवराड़ी ने 98.8 प्रतिशत के साथ जिले में टॉप किया है। वहीं उत्तराखंड में टॉप 10 में शामिल रहे। केंद्रीय विद्यालय एसएसबी श्रीनगर के शुभम इंजीनियर बनना चाहते हैं। मूलरूप से जनपद चमोली के तुंगेश्वर (थराली) के रहने वाले शुभम के पिता कैलाश देवराड़ी फार्मासिस्ट और माता संगीता गृहणी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बिना ट्यूशन के स्व अध्ययन से यह सफलता हासिल की है। वह नियमित रूप से तीन से चार घंटे पढ़ाई करते थे। उन्होंने सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य कृति सक्सेना, अध्यापकों, माता पिता को दिया है। संवाद